गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रावस्ती 9 जून (मि0टा0सं0)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी अभियान के क्रम में प्र0नि0 भानु प्रताप सिंह थाना सिरसिया मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना सिरसिया पर पंजीकृत ' मु0अ0सं0–116/2024 धारा– 3(1) UP गैंगस्टर एक्ट थाना सिरसिया से सम्बन्धित 1 वांछित अभियुक्त मो0 सहीम पुत्र अब्दुल अमीन नि0 जानकीनगर थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती जिसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गोबध, चोरी, मार–पीट जैसे अन्य अपराध कारित किए जाते रहे हैं जिसे सिरिनिया मोड से गिरफ्तार किया गया।